अर्द्ध वार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24

विषय :- हिन्दी पूर्णांक :- 40 अंक

कक्षा :- 8

नोट:- सभी प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित है।

प्रश्न-1 :- गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए

एक बहुत बड़े आदमी ने मुझसे एक बार कहा था कि इस समय सुखी वही है जो कुछ नही करता जो कुछ भी करेगा उसमे लोग दोष खोजने लगेगें। उसके सारे गुण भुला दिये जायेगें और दोषों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाने लगेगा। दोष किसमे नही होते यही कारण है की हर आदमी दोषी अधिक दिख रहा है। गुणी कम या बिलकुल ही नही स्थिति अगर ऐसी है तो निश्चय ही चिंता का विषय है

प्रश्न(क) इस समय सुखी कौन है और क्यो ?

(ख) कुछ करने वाले लोग दोषी क्यों माने जाते है ? 4

(ग) आज चिन्ता का विषय क्या बन गया है ?

(घ) निम्न शब्दो के विपरित अर्थ लिखो -

(i) गुण (ii) दुःखी

प्रश्न-2 दीवानो पर किस चीज का भार है ?

(अ) सफलता का (ब) दुःखो का

(स) असफलता का (द) पराधीनता का [ ] $\frac{1}{2}$

प्रश्न-3 मनुष्य को किस राह पर चलना चाहिए ?

(अ) पक्षियों की राह पर (ब) बादलो की राह पर

(स) प्रकृति की राह पर (द) उपयुक्त सभी [ ] $\frac{1}{2}$

प्रश्न-4 रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए

(i) बुराई मे रस लेना .... बात है। (अच्छी / बुरी) 1

(ii) अब सूरज .... का वक्त होगा। (डूबने / उगने) 1

(iii) साधु से .... पूछना चाहिए। (जाति / ज्ञान) 1

(iv) पूछत दीन दयाल को .... । (नाम / धाम) 1

प्रश्न-5 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति मे दीजिए

(1.) एकाएक बस के रुक जाने का कारण क्या था ? 2

(2.) दीवाने इस संसार को क्या देना चाहते है ? 2

(3.) आज के जमाने मे कोन फल-फूल रहे है ? 2

प्रश्न- 6. चिड़िया चोंच में तिनका दबाए उड़ने की तैयारी में क्यों है ? 3

प्रश्न-7. द्वारपाल ने श्रीकृष्ण के पास जाकर क्या कहा था ? 3

प्रश्न-9. निम्न शब्दो के विलोम शब्द लिखो

(i) आदान .... (ii) अनुकूल 2

प्रश्न-10. निम्न शब्दो के 3-3 पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(1) बादल 2

(2) पवन ....

प्रश्न-11. निम्नलिखित मुहावरो का अर्थ लिखिए।

(i) कमर कसना 2

(ii) आग बबूला होना ....

प्रश्न-12- अपने प्रधानाध्यापक जी को एक प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमे अपने भाई की शादी मे जाने हेतु 3 दिन का अवकाश चाहा गया है। 3

प्रश्न:-13. किसी एक पर कहानी लिखिए 4

(i) जैसे को तैसा (ii) लोमड़ी और अंगूर

प्रश्न-14- किसी एक पर 300 शब्दो में निबन्ध लिखे। 5

(i) स्वच्छ भारत अभियान (ii) आदर्श विद्यालय

प्रश्न-15 सर्वनाम किसे कहते है? 1

समाप्त